भारत सरकार
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या5096
जिसका उत्तर 02अप्रैल, 2025 को दिया जाना है ।
12चैत्र, 1947 (शक)

नेटवर्क फील्ड इंजीनियरों का नियमितीकरण

5096. डॉ. अंगोमचा बिमोल अकोइजम :

क्या इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या आईसीटी सेवाओं और एनआईसीएनईटी परियोजना के अंतर्गत नेटवर्क फील्ड इंजीनियरों की सेवाओं को राष्ट्रव्यापी एनआईसी सेवाओं के प्रबंधन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए नियमित किए जाने की संभावना है;

(ख) यदि नहीं, तो विशेषकर लगातार तीसरे पक्ष के विक्रेता के बदलने के कारण वेतन में कमी, कुछ राज्यों में स्थानांतरण नीतियों का कार्यान्वयन और अन्य श्रम-संबंधी चुनौतियों के बारे में उनकी चिंताओं को दूर करने के लिए क्या वैकल्पिक उपाय किए गए हैं;

(ग) अनुभवी और योग्य नेटवर्क फील्ड इंजीनियरों, जिनके पास स्नातक की डिग्री या समकक्ष डिग्री है और जिन्होंने वर्षों की सेवा के बावजूद एनआईसी के वैज्ञानिक अधिकारी भर्ती के लिए आयु सीमा पार कर ली है, उनके लिए मौजूदा प्रावधान क्या हैं;

(घ) एनआईसी द्वारा आईसीटी सेवाओं और एनआईसीएनईटी सहायता के लिए सरकारी कार्मिकों की कमी को देखते हुए तकनीकी गैर-वैज्ञानिक अधिकारियों के लिए भर्ती नहीं करने के क्या कारण हैं; और

(ड.) सरकार द्वारा आउटसोर्स के माध्यम से जनशक्ति के अलावा इस अंतर को भरने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (श्री जितिन प्रसाद)

(क) से **(ड.)**: राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) विभिन्न प्रणालियों और सुविधाओं के प्रबंधन के लिए विभिन्न प्रकार के सेवाप्रदाताओं की सेवाएं लेता है।

एनआईसी तेजी से बदलते तकनीकी माहौल में काम करता है। इसलिए, सेवा प्रदाताओं के साथ काम करने का यह मॉडल एनआईसी को प्रौद्योगिकी को उन्नत करने और उचित सेवाएं प्रदान करने में मदद कर रहा है।

****